दैनिक जागरण 13/08/2024

रैगिंग एक अपराध है, कोई खेल नहीं : डा. रोहित

जीएमएन कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी व स्टाफ • विज्ञप्ति।

जासं • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि रैगिंग एक अपराध है, जबकि यह कोई खेल नहीं है। वे कालेज में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कालेज में एंटी रैगिंग सैल का गठन रैगिंग जैसी अमानवीय गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से किया गया है। कालेज में जब भी कोई नया छात्र दाखिला लेता है तो हर छात्र एवं स्टाफ के हर सदस्य का कर्तव्य है कि उसे सही रह दिखाएं एवं कालेज के नियमों से अवगत करवाएं न कि उन्हें तंग एवं परेशान करें। एंटी रैगिंग सैल की संयोजक डा. सीमा कंसल ने कहा कि एंटी–रैगिंग सेल का कार्य कक्षाओं, कैंटीन, मैदानों, छात्रावासों आदि सहित छात्र एकत्रीकरण के स्थानों में होने वाली अथवा रिपोर्ट की गई रैगिंग की घटनाओं पर निगरानी रखना और उन्हें रोकना होगा। इस दौरान एंटी रैगिंग सैल के सदस्य डा. अमिता, डा. मीनू राठी, डा. बृजेश आदि मौजूद रहे।